# प्रश्न बनाना

♣ ये बातें किसी के सवालों के जवाब में कही गई हैं। तुम बता सकते हो कि इनका सवाल क्या रहा होगा?

| जवाब | सवाल |
|---|---|
| मैं घर जा रही हूँ। | तुम कहाँ जा रही हो? |
| आज बुधवार है। | ------------------ |
| मेरे एक भाई और एक बहन है। | ------------------ |
| हम बस से बैतूल जाएँगे। | ------------------ |
| मेरे पास तुम्हारी किताब नहीं है। | ------------------ |
| सब्जी बहुत चटपटी बनी है। | ------------------ |
| यह मुर्गी ननकू की है। | ------------------ |
| मेरे पिता यहाँ के पोस्टमास्टर है। | ------------------ |

**आपस में ऐसे और वाक्य और उनके प्रश्न बनाओ**

| | |
|---|---|
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |

♣ **इनके भी प्रश्न बनाओ। उत्तर में दो बातें कही गई हैं, सवाल में भी उन्हीं दो बातों के बारे में पूछना।**

| | |
|---|---|
| ये मेरी माँ है, भोपाल से आई हैं। | ये कौन है, कहाँ से आईं हैं? |
| मीनू कल ही भौंरा से आई है। | ------------------ |
| गोविन्द ढोडरामऊ से किताबें खरीदने आया है। | ------------------ |
| मैं मोहन से अगले महीने शाहपुर में मिलूँगा। | ------------------ |
| मकड़ी अपने थूक से दीवार पर जाला बनाती है। | ------------------ |
| मैं बुधवार को शाहपुर बाज़ार करने आया था। | ------------------ |

♣ **प्रश्न बनाने के लिए इन शब्दों का इस्तेमाल होता है–**

*क्या, कौन, किस, कब, कैसे, क्यों, कहाँ* — — — — — — — — —

♣ **इनसे कुछ प्रश्न बनाकर यहाँ लिखो। हर प्रश्न के अंत में प्रश्न चिह्न भी लगाना** – ऐसा ?


| | |
|---|---|
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |
| ------------------ | ------------------ |

♣ **इनमें से कुछ का प्रयोग कभी–कभी दो बार भी होता है, जैसे–**

*क्या–क्या, कौन–कौन, किस–किस, कब–कब, कैसे–कैसे, किन–किन, कहाँ–कहाँ*

♣ **दोनों का उपयोग कब होता है यह वाक्य बनाकर देखते है**

| | | |
|---|---|---|
| 1. क्या | तुम क्या खाओगी? | मैं रोटी खाऊँगी। |
| क्या–क्या | तुम क्या–क्या खाओगी? | मैं दाल, रोटी और अचार खाऊँगी। |
| 2. कौन | वो कौन था? | ------------------ |
| कौन–कौन | बाजार में कौन–कौन मिला? | ------------------ |
| 3. किस | ------------------ | ------------------ |
| किस–किस | ------------------ | ------------------ |
| 4. कब | ------------------ | ------------------ |
| कब–कब | ------------------ | ------------------ |
| 5. कैसे | ------------------ | ------------------ |
| कैसे–कैसे | ------------------ | ------------------ |
| 6. कहाँ | ------------------ | ------------------ |
| कहाँ–कहाँ | ------------------ | ------------------ |



# दूसरी बोली

एक दिन चूहा सड़क पर चला जा रहा था। पीछे उसका पूरा परिवार था। जिसमें चुहिया व तीन छोटे-छोटे बच्चे थे। सबसे आगे चूहा, बाद में बच्चे और आखिर में चुहिया थी।

चलते-चलते अचानक चुहिया रुक गई। कयोंकि वहां एक बड़ी काली सी बिल्ली आ गई। तीनों बच्चे इतने डर गए कि मां के पास आकर छुप गए। धीरे से बिल्ली की चमकती आँखों में झांक लेते।

बिल्ली मन ही मन बच्चों की गिनती कर रही थी। इतने सारे खाने में खूब मज़ा आएगा।

तभी एक आवाज़ आई गु...र्र,घी...र्र,घी...र्र,भौं-भौं, भौ, गु....र्र।

बिल्ली कुछ पीछे हटी । फिर वही आवाज़ आई गु...र्र, गु...र्र, भौ...भौं...., भौ.....भाऊ।

इस बार बिल्ली इतनी डर गई कि पूंछ दबाकर जान बचाकर भाग गई।

बिल्ली को भागता देख चुहिया के बच्चों ने पूछा, "मां, ये तुमने आवाज़ निकाली थी कुत्ते जैसे?" चूहिया अपने बच्चों से बोली, "देखा तुमने, दूसरे बोली सीखने का कितना फायदा है।"

अभ्यास :

1. बिल्ली से कौन-कौन डर रहा था?
2. बिल्ली डरकर क्यों भाग गई?
3. भो....भौ, गु...र्र की आवाज कहां से आई?
4. चूहिया ने किसकी भाषा सीखी?
5. चूहिया को किसकी आवाज़ से डराओगे?

- खाली जगह में कहानी को क्रम से दिखाते हुए तीन चित्र बनाओ।

# बातचीत



ननकू बहुत दिनों बाद अपने गांव आया। सोचा, चलो दादाजी से मिल आएं। ननकू जब दादाजी से मिला तो खूब बात हुई। हमने उन दोनों की बात यहां लिखी, पर बीच का कुछ हिस्सा छूट गया है जिसे तुम पूरा करो।

1 - दादा जय राम जी की ।

2 - जय राम जी की बेटे जय राम जी की। बड़े दिनों में दिखाई दिये। सब ठीक तो है ना?

1 - हां दादा ठीक ठाक तो हैं। बीच में बहुत पढ़ाई आ गई थी।

2 - अच्छा घर पर कैसे हैं सब लोग?

1 - सब ठीक हैं। पिताजी के घुटने में थोड़ा दर्द है लेकिन ज्यादा नहीं।

2 - चलो शुकर है।

1 - दादाजी हमने सुना है आपने एक नई भैंस ली है। क्या यह सही है?

2 - सुना तो सही है बेटा। पिछले सोमवार को ही तो लाया उसे।

1 - ---------------------



2 - वो ढोढरामोहार है ना वहीं से लाया।

1 - अच्छा ---------------------

2 - ज़्यादा महंगी तो नहीं है। तीन हज़ार में ली है।

1 - तो दादा ये---------------------

2 - अभी तो तीन-चार लीटर ही दे रही है। आगे देखो क्या होता है।

1 - पिताजी पूछ रहे थे कि आप हमारे घर कब आयेंगे?
वैसे भी वो भूरी गाय बीमार है, चारा पानी नहीं ले रही ।

2 - अरे ---------------------

1 - यही कोई दो-तीन दिन से।

● इसका कक्षा में रोल प्ले करो। एक लड़का ननकू बन जाए और दूसरा दादाजी।



## आओ, कुछ और अभ्यास करें :

1. पाठ में दी गई बातचीत में 1 और 2 का क्या मतलब है ?

बार–बार इनका उपयोग क्यों किया है?

2. बातचीत किस–किस में हो रही है?

**चिट के द्वारा अलग–अलग परिस्थितियों में सोचें व बातचीत करें।**

1. बाजार
2. खेल के मैदान में
3. शिक्षक से छात्र की बातचीत
4. अस्पताल की बातचीत
5. रेल्वे स्टेशन में बातचीत
6. किसी घटना पर बातचीत
7. बाल पंचायत– मौखिक चर्चा
8. अपने किसी दोस्त के संबंध में

3. जब दो–तीन लोगों के बीच में बातचीत होती है, तो कई तरह की बातें होती है–

दुआ सलाम होती है, जैसे

कुछ सवाल होंगे, जैसे

उनके जवाब भी होंगे, जैसे

उस दिन की या आस-पास की कुछ बात होगी, जैसे- आज भाजी इतनी महँगी थी।

बताओ और किस-किस तरह की बातें होती हैं ?

जैसे

4. *"मेरा घर नदी के किनारे टेकरी पर है।" "रात को नदी में बहुत पानी बढ़ गया था, तुम्हारा घर तो ठीक है?" "तुम्हारा घर कहाँ है?" "हाँ अभी तो पानी से ऊपर है।" "अरे यार भीकू किधर जा रहे हो?" "तेरी माँ अब कैसी है छोटू?" "मैं तो घर जा रहा हूँ।" "माँ अब ठीक है, अच्छा चलूँ।"*

**दो दोस्तों की आपस की बातचीत ऊपर लिखी है पर उनकी बातें आगे पीछे लिख दी है। इन्हें पढ़कर क्या तुम बता सकते हो पहले किस ने क्या कहा–फिर किसने? इनकी बातचीत को क्रम से लिखो। जो बोल रहा हो उसकी बात से पहले उसका नाम भी लिखना।**

---

---

---

**यहाँ बातचीत का एक अंश दिया है।**

"क्यों भाई इस घोड़ी का क्या दाम लोगे?"तुमको जो लेना हो सो ले लो पर यह घोड़ी मुझे दे जाओ। "लड़के! इराके पूरे सौ रूपए लगेंगे।"

"मेरे पास सौ रूपए तो नही हैं, पचास रूपए हैं।"

"तो तुम अपने घर का रास्ता नापो। यों मुफ्त में कोई घोड़ी पर कैसे बैठ सकता है?"

"भाई, अगर हम ऐसा करें कि मैं ये पचारा रूपए तुमको नकद दे दूँ और बाकी के पचास के बदले तुमको तुम्हारी घोड़ी लौटा दूँ तो कैसा रहेगा ? बोलो, यह सौदा तुम्हें मंजूर है?"

**अब बताओ**

1. कितने लोगों में बात हो रही है? ये लोग कौन–कौन होंगे?

---

---

2. दोनों की बात के आगे उनके नाम लिखो।
3. दोनों के बारे में तुम्हें इनकी बातों से क्या पता चलता है?

---

---

---

---

---